प्रेषक,

नेहा चौधरी

अपर सिविल (जू0डि0)

जनपद हापुड़।

सेवा में,

माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय

माननीय उच्च न्यायालय जूडिकेचर

इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश

जनपद हापुड़।

विशय– आगामी स्थानान्तरण को रोके जाने के संबंध में।

महोदय,

माननीय महोदय जी को सादर अवगत कराना है कि मै नेहा चौधरी, अपर सिवल जज (जू0डि0), के पद पर जनपद हापुड़ में कार्यरत हूँ तथा मेरा पहला स्थानान्तरण वर्ष 2023 के लिये होना निर्धारित है। मेरे पति वर्तमान में बैगलूरू की एक आई0टी कम्पनी में कार्यरत है, जिस कारण उन्हे एक वर्ष के लिये बैगलूरू में प्रोजेक्ट हेतु भेज दिया गया है तथा मेरी एक बहुत छोटी डेढ वर्ष की पुत्री है, जिसकी देखभाल मेरी माता के द्वारा की जाती है क्योकि मेरे सास एवं ससुर का स्वर्गवास हो गया है। मेरी माता जनपद गाजियाबाद में निवास करती है, तथा मेरे माता–पिता के वृद्ध होने के कारण एकमात्र उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी मुझ पर ही है, माननीय महोदय जी से सविनय निवेदन है कि इस वर्ष स्थानान्तरण किये जाने पर मुझे बेहद कठिनाईयो का सामना करना पडेगा, ऐसे में श्रीमान जी मेरे स्थानान्तरण पर रोक लगा कर मुझे एक वर्ष और जिला हापुड में ही कार्य निर्वाहन करने की अनुमति प्रदान करें। मै बेहद आभारी रहूंगी।

माननीय महोदय जी की सेवा में यह प्रार्थना पत्र उचित मार्गदर्शन हेतु प्रेषित है।

''सादर''

भवदीय

Dhanawy 23/12/2022

नेहा चौधरी

अपर सिविल (जू0डि0) हापुड़।